# मध्यप्रदेश, माध्यमिक शिक्षा मण्डल

शिवाजी नगर, भोपाल पिन–462011

दूरभाष क्रमांक 0755-2578594 E-mail- mpbsevk@gmail.com


क्रमांक /362/ वि.प्रशि.केन्द्र / 2021 भोपाल, दिनांक 12/11/ 2021

## – विज्ञापन –

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा 01 जनवरी से 31 दिसम्बर 2022 तक हेल्पलाइन सेवा संचालन हेतु सक्षम, अनुभवी एवं पात्र परामर्शदाताओं से पारिश्रमिक आधार पर आवेदन पत्र आमंत्रित हैं।

निर्धारित प्रारूप मे आवेदन पत्र माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र. भोपाल स्थित विज्ञान केन्द्र कक्ष मे दिनांक 02 दिसम्बर 2021 तक कार्यालयीन समय मे जमा किये जा सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात तथा अपूर्ण प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जावेगा। पात्र उम्मीदवारों को साक्षात्कार संबंधी सूचना पृथक से ई–मेल द्वारा दी जावेगी।

**आवश्यक योग्यता/अर्हता –**

- मनोविज्ञान विषय मे स्नातकोत्तर उपाधि (UGC से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदत्त)
- शालेय विद्यार्थियों की अकादमिक काउंसलिंग का न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है।
- आवेदक की अधिकतम आयु 01 जनवरी 2022 की स्थिति मे 50 वर्ष से अधिक न हो।

आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप, चयन प्रक्रिया तथा कार्य की अन्य शर्ते मण्डल की वेबसाइट mpbse.nic.in पर उपलब्ध हैं, एवं माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र. भोपाल स्थित विज्ञान केन्द्र कक्ष मे कार्यालयीन समय पर भी देखी जा सकती है।

दूरभाष क्रमांक **0755–2578594**
0755 – 2551166 से 2551171 तक।
एक्सटेंशन क्रमांक – 410 पर

सचिव

# मध्यप्रदेश, माध्यमिक शिक्षा मण्डल

शिवाजी नगर, भोपाल पिन–462011
दूरभाष क्रमांक 0755-2578594 E-mail- mpbsevk@gmail.com

फोटो चस्पा करें

हेल्पलाइन सेवा – 2022

आवेदन–पत्र

| | | |
|---|---|---|
| 1 | नाम (हिन्दी) | |
| 2 | **Name in English Capital Letters** | |
| 3 | पिता/पति का नाम | |
| 4 | जन्म तिथि | |
| 5 | पता | |
| 6 | फोन | मोबाइल – निवास – |
| 7 | बैंक संबंधी जानकारी | **Name of Bank**<br>**Account No. IFSC** |
| 8 | पेन नम्बर | **PAN No-** |
| 9 | ई–मेल | |
| 10 | शैक्षणिक योग्यता | हाईस्कूल की अंकसूची अनिवार्यतः संलग्न करें। |
| | 1. एम.ए.मनोविज्ञान | उत्तीर्ण वर्ष परिणाम<br>कुल पूर्णांक/प्राप्तांक प्रतिशत |
| | 2. शालेय विद्यार्थियों की अकादमिक काउंसलिंग का अनुभव (वर्षो मे) | |
| 11 | **P G Diploma in Guidance and Counselling** | उत्तीर्ण वर्ष परिणाम<br>कुल पूर्णांक/प्राप्तांक प्रतिशत |
| 12 | **Degree or Diploma in Computer application**<br>**(Name of Recognized University/College)** | |
| 13 | अन्यत्र कार्यरत हैं अथवा नही | |

नोटः–

1. जन्म तिथि हेतु हाईस्कूल की अंकसूची, कार्यानुभव एवं अन्य शैक्षणिक योग्यताओं की अंकसूची/प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां आवश्यक रूप से संलग्न करें।
2. आवेदन दिनांक 02/12/2021 को सॉय 05.30 तक माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र. भोपाल स्थित विज्ञान केन्द्र कक्ष मे अनिवार्य रूप से जमा करें। निर्धारित तिथि एवं समय पश्चात तथा अपूर्ण प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नही किया जावेगा।

**(आवेदक के हस्ताक्षर)**

नियोक्ता का प्रमाणीकरण

आवेदक का नाम ........................................................वर्तमान मे संस्था ........................................................................................मे .......................................... पद पर कार्यरत हैं। इनका कार्य समय ..............................................है। इनका चयन मण्डल हेल्पलाइन सेवा मे होने की दशा मे इस संस्था/कार्यालय को किसी प्रकार की आपत्ती नही है।

**(हस्ताक्षार एवं सील)**

## माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

हेल्पलाईन सेवा 2022 परामर्शदाताओं की सेवा–शर्ते

1. कार्य एवं शर्ते –

1.1 चयनित काउंसलर्स अनिवार्य रूप से मण्डल द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय पर माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल स्थित हेल्पलाइन सेवा मे उपस्थिति देंगे। निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थिति नही देने वाले काउंसलर्स का चयन स्वतः निरस्त माना जावेगा।

1.2. कार्य हेतु मण्डल मे स्वीकृत दर अनुसार रू. 200/– प्रति घन्टे की दर से मानदेय देय होगा, जो प्रतिमाह कार्य मे उपस्थिति तथा कार्य के संतोषजनक पाये जाने के आधार पर गणना कर सीधे संबंधित काउंसलर के बैंक खाते मे जमा किया जावेगा ।

1.3. परामर्शदाताओं द्वारा अन्य विभाग/कार्यालय/स्कूल आदि मे कार्यरत होने की दशा मे उस विभाग के नियोक्ता से कार्यरत समय के उल्लेख सहित अनापत्ति प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ अनिवार्यतः प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

1.4 चयनित उम्मीदवार को प्रातः 8.00 बजे से रात्रि 8.00 के मध्य 4–4 घन्टे की पारियों मे अपनी सेवायें देनी होंगी जो आवश्यकतानुसार समय–समय पर रोटेशन पद्धति से परिवर्तित की जा सकेंगी। मण्डल के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कार्य/समय मे सेवायें देने से इंकार किये जाने पर सेवायें समाप्त की जा सकेंगी।

1.5 संबंधित को सौंपे गये कार्य/समय के संबंध मे यह शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वह उक्त अवधि मे कहीं और सेवायें नही दे रहे हैं।

1.6 अपरिहार्य/अतिआवश्यक कार्य होने पर पूर्व सूचना/सक्षम अनुमति प्राप्त की जाना आवश्यक है। बिना पूर्व सूचना/सक्षम स्वीकृति के अनुपस्थित रहने पर हेल्पलाइन सेवायें प्रभावित होने की स्थिति मे संबंधित काउंसलर की सेवायें समाप्त करने की कार्यवाही की जा सकेगी।

2. काउंसलर्स की शैक्षणिक योग्यता एवं अर्हताएं –

- मनोविज्ञान विषय मे स्नातकोत्तर उपाधि (UGC से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदत्त)
- अकादमिक काउंसलिंग का न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है।
- आवेदक की अधिकतम आयु 01 जनवरी 2022 की स्थिति मे 50 वर्ष से अधिक न हो।

3 कांउसलर्स के चयन हेतु मूल्यांकन के मापदण्ड एवं अंक निर्धारण –

| स.क्र | योग्यता एवं अनुभव | निर्धारित अंक (कुल 100) |
|---|---|---|
| 1 | **मनोविज्ञान विषय में स्नातकोत्तर उपाधि (UGC से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदत्त)** | **70 अंक (अंकसूची में प्राप्त अंकों का 70 प्रतिशत)** |
| 2 | **पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा इन गाइडेंस एवं काउंसलिंग (PGDGC) (UGC से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदत्त)** | **10 अंक** |
| 3 | **कम्प्यूटर्स में डिप्लोमा/डिग्री UGC से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदत्त।** | **10 अंक** |
| 4 | **साक्षात्कार** | **10 अंक** |

3.1 पात्र उम्मीदवारों की सूची तैयार की जाकर समिति से अनुमोदन उपरान्त पात्र उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु 15 दिसम्बर 2021 को आमंत्रित किया जावेगा जिसकी सूचना ई–मेल के माध्यम से दी जावेगी।

3.2 समस्त काउंसलर्स को माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा दिये जाने वाले सभी उन्मुखीकरण कार्यक्रमों मे सम्मिलित होना अनिवार्य है, अन्यथा संबंधित काउंसलर की सेवाये समाप्त की जा सकेंगी।

3.3 चयनित उम्मीदवारो को रूपये 100/– के स्टाम्प पेपर पर मण्डल द्वारा निर्धारित प्रारूप अनुसार टंकित शपथ–पत्र नोटरी करवाया जाना है, साथ ही बैक विवरण, फार्म–15 G एवं पेन कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां जमा करें।

3.4 किसी भी स्थिति मे मण्डल हित मे निर्णय का अधिकार सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल को होगा।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
म.प्र. भोपाल